# ॥ भूमिका ॥

शास्त्र में कहा है कि बुद्धेः फलं तत्त्व विचारणंच । अर्थात् बुद्धि पाने का फल यह है कि तत्त्वों का विचार करे परंतु असली तत्त्वों की ओलखान तब प्राप्त होती है जब कि गुरुमुख से शास्त्र श्रवण करें. अथवा विद्वानों के रचित ग्रंथ बांचे. पहिला कारण मिलना कठिन है क्योंकि साधु महात्मा का समागम मिलना दुर्लभ है और दूसरा कारण सहज प्राप्तिय है फिर भी सर्व साधारण मूल्य व्यय कर पुस्तक मोल ले नहीं सके, इस लिये जैन भंडार के सभासदों के कहने से मैंने इस पुस्तक को जैन भंडार की तरफ से बिना मूल्य बांटने के लिये छपाकर आप लोगों के सन्मुख प्रस्तुत करता हूं इसमें जैन धर्म के असली तत्त्व जो दान दया आदि हैं उसको खंडन करने वाले जिनको तेरापंथी कहते हैं उनके श्रावक किसनमल जी भंडारी ने जो श्री श्री १००८ श्री श्रीपूज्यजी श्री श्रीलालजी महाराज की समुदाय के पंडित स्वामी जी श्री १००८ श्री जुहारलाल जी ने जो तेरा पंथियों के पूज्य डालचंदजी से जोधपुर में ७ प्रश्न पूछे हुवे के उत्तर में एड़ंगबड़ंग करके जो प्रश्नोत्तर नाम की पुस्तक छपाई उसका खंडन विस्तार सहित है इसको बांचने से मिथ्यात्व कमती होगा. तो आपने भाइयों की श्रद्धा दृढ़ होगी तो मेरा छपाने का परिश्रम सफल होगा

भीनासर [illegible]

[illegible]

[illegible]

# अथ अनुक्रमणिका.



## निवेदन

सर्व श्रीमान साधु साध्वी श्रावक श्राविका रूप श्री श्रमण संघ से तथा मार्गानुसारी सम्यगदृष्टि सज्जन भव्यजनों को विदित होवे कि हम तेरपंथी कृत प्रश्नोत्तर नाम पुस्तक के उत्तर के प्रत्युत्तर समीक्षा को श्रीमत् सूत्र प्रमाण से संक्षिप्त पणे लिखा है। तिसमें किञ्चित् भी श्री जिन वचनों से न्यूनाधिक विपरीत दोष लग्य लिख गया होवे तिसका उक्त लिखे श्री श्रमण संघ की साक्षी से मिथ्या दुकड़ं देते हैं इत्यलं. विस्तरेण क्रियाधिकम् विज्ञेषु ॥

यादृशं पुस्तक दृष्टा तादृश लिखितं मया ॥
यदि शुद्धमशुद्धं वा मम दोषो न दीयते ॥

# श्री श्री पूज्य श्रीलालजी का गुणलिख्यते।

—— ०. ——

दोहा-अरिहंत सिद्ध परिणाम करि आचार्य उपाध्याय। साधसकल को सुमिरनां मन वांछित फल पाय ॥ १ ॥ वीरपाट ७४ में हुये हुकम मुनी महाराज, आचारज बहु शोभिया तिरन तारन की जहाज ॥ २ ॥ तस्सू पाटोधर दीपिया श्री शिवलाल मुनिंद, सब साधु बिच जानज्यो तारों में जिमि चंद ॥ ३ ॥ उनके पीछे जानिये उदयसागरजी महाराज, आपतणा गुण देख के पाखंड जाते भाज ॥ ४ ॥ चौथे पाट चौथमलजी पंडितों में सिरताज, हुवा आचारज मोटका जांरी कीरति होरही आज ॥ ५ ॥ उनके पाट पर शोभता वर्तमान गणिराज तपी रिष त्यागी मुनि श्री श्रीलालजी महाराज ॥ ६ ॥ उनका गुण प्रगट करुं अल्प बुद्धि अनुसार, भूलचूक जो हो मेरी खमिजो वारंवार ॥ ७ ॥

टेर—इन भरतखंडमें आप बडे जसधारी पुज्य श्री श्रीलालजी महाराज आचारज भारी

उनइस से छब्बीस टोंक शहर में जानो, जन्म हुआ पुज्य का ओसवंशमें मानो, वां चंब गोत में आप लियो अवतारी ॥ पुज्य श्री० १ ॥ श्री चुन्निलालजी आप के तात कहावे, पन चांदकुंवर मा ऐसे पुत्र जावे, ई रूप अनूपम सुन्दर मोहनगारी ॥ पुज्य श्री० २ ॥ उनइस में चवांलिसे मालवे मंदसौर मां रहा, वां जान्यो संसार असार जेन जहि दीन्हा, पन छोटी वय में आप भये ब्रह्मचारी ॥ पुज्य श्री० ३ ॥ वां देख नेमा ...

पुनः सर्व सज्जनों को विदित होकि हम अव्वल उक्त पुस्तक के जो लेख समालोचना करने योग्य समझे हैं तीनों की समालोचना करते हैं जिससे पाठकगण को सहज मालुम होजायगा कि यह पुस्तक का लेख ससंबंध है कि असंबंध है श्री सिद्धान्तशास्त्र समन्वित है कि नहीं है इत्यादि उक्त पुस्तक के गुण दोष दिखलाने के बाद ७ प्रश्नों का उत्तर लिख दिखलावेंगे। इसकी समालोचना करते हुए हम इस पुस्तक के विषय में ह्रस्व, दीर्घ, व्यंजनादि दोषों की उपेक्षा करेंगे. उपेक्षा केवल उनकी करेंगे जो शास्त्रों के विरुद्ध और असंबंध लेख है तिनको इति इर्य॥

प्रश्न-पहिले के उत्तर में पृष्ठ २ की पंक्ति ३। ४। ५ मी तक (क) लिखा है। श्री भगवान् महावीर स्वामी ने १० स्वप्न देखे. जिन में पिशाचों की जीत और भुजा से समुद्र को तिरे यह वार्ता ठाणांगजी सूत्र का १० मा ठाणा में है।

समीक्षा—अब पाठकगण को ख्याल करने की बात है श्री मन्महावीर स्वामी ने जो दश स्वप्न देखे हैं तिसका वृत्तान्त श्री ठाणांगजी सूत्र का १० में ठाणे तथा श्रीमती भगवतीजी सूत्र के १६ शतक के छठे उद्देश में है अन्य भी जैन शास्त्रों में जहां भगवंतजी के १० स्वप्न का अधिकार है वहां कोई भी जगे ऐसा सूत्र नहीं है कि जिनमें पिशाचों को जीते ऐसा अर्थ होसके. हां पूर्वोक्त सूत्रों में तो ऐसे पाठ दृष्टि पड़ते हैं। तद्यथा॥ एगं चणं महं घोर रूवं दित्तधर ताल पिसायं सुविणे पराजियं पासित्ताणं पडिबुद्धे॥

वह साधु पद से भ्रष्ट है आपके लिखने के अनुसार अब न्याय से तो तेरेपंथी साधुओं का साधुपना उठ गया चाहिये और जब वह साधु ही नहीं, तो उनको जो लोग साधु माने तिनको मिथ्यात्व लगे. क्योंकि शास्त्रों में कहा है कि असाधु को साधु श्रद्दे तो मिथ्यात्व लगे और छद्मस्थ प्रथम प्राणातिपात जीव की हिंसा कर लेवे. दूसरा मृषावाद झूठ बोल लेवे. तीसरा चोरी कर लेवे. चौथे शब्द रूप रस गंध और स्पर्श में रतिभाव मान लेवे. पंचमा पूजा श्लाघा में हर्ष लावे. छठा सावद्य आहारादिक भोग लेवे. सातमां प्ररूपणा के अनुसार नहीं चले यह ७ बोल सेव लेवे।

अब विचारो कि सर्व छद्मस्थों के तांई यह ऊपर लिखा ७ वां बोल कहते हो तो आपके मत के आदि पुरुषों को भी चूका मानना और कहना पड़ेगा और जब वह चूके तो उनके निकाले मत की क्या प्रतीत. और जिनके मत की प्रतीत नहीं तो तिनमतस्थ पुरुषों के वाक्य को तो विशेषतः प्रतीत करने योग्य नहीं है. अब निकट भव्यों के लाभार्थ श्रीमत् ठाणांगजी के लेख का यथार्थ तात्पर्य दर्शाते हैं कि पूर्वोक्त ७ लक्षण से प्रायः छद्मस्थ जाना जाय परन्तु यहां ऐसा नहीं समझना कि सर्व छद्मस्थों के लिये उक्त सात बोल का नियम है अगर ऐसा होय तो ११ तथा १२ गुण स्थान वाला जीव भी छद्मस्थ है और इनको तो सिर्फ इरियावही क्रिया लागनी सूत्रों में ठाम २ कही है अब कहो पूर्वोक्त ७ बोल इनको भी लागू पड़ सकेंगे कि नहीं जब श्रीमन् अर्हन भगवंतजी के पर मृषा दोषारोपण के लिये ऐसी मृषा घटना घटनी तो नप

वादियों का काम है और पृष्ठ ३ की पंक्ति १ से २५ वीं तक आनंदजी के पास श्रीगोतम स्वामी वचन में खता गये वह संबंध लिखके श्रीभगवंतजी की तथा श्रीगौतमजी की छद्मस्थ दशा के लिखा है कि गौतम स्वामी ४ ज्ञान छत ऐसे ही श्रीभगवान के भी छद्मस्थपन में चूक ॥

को भी पूरा करना पड़ेगा और जो करोगे तभी तदनाओ
के पूरने की नियमा नहीं है तब श्री गौतमजी स्वामी बचन
में स्खलायें जिसका दृष्टांत श्री भगवंतजी पर कैसे घट सकेगा
अपितु नहीं घट सके और ४ ज्ञान वाले कोई २ पड़वाई
भी होजाते हैं अथवा परभव भी कर लेते हैं तो क्या यह
भी वार्ता श्री भगवंतजी पर घट सकती है क्योंकि छद्मस्थपन
में जैसा भगवंतजी को ४ ज्ञान होता है वैसा ही उन्न लिखे
चार ज्ञानी हैं अब आपके लेख से तो ऐसा सिद्ध होता है
कि कोई काल में कोई छद्मस्थ तीर्थंकर चार ज्ञानी पड़वाई भी
होजावे, परभव भी कर लेवे तो क्या असंभव है? वाहजी
वाह! देवानुप्रिया तुमने तो यह एक अपूर्व बात लिखी विदित
होती है और गौतम स्वामी को तो भगवंतजी ने स्वयं श्रीमुख
से कहा है कि तुम वचन में स्खला गये, जैसे छद्म चूके होते तो
प्रकट क्यों न करा? क्या भगवंतो का स्वभाव अपना अवगुण
ढाकने का होता है। और पृष्ट २ की पंक्ति १७मी से पृष्ट
चौथा की पंक्ति दूजी तक लिखा है कि प्रथम तो स्वप्न ही
सावद्य कर्म है और जितने भी पिशाचों को जीतना और
भुजा से समुद्र को तैरना विशेष सावद्य कर्म है।

( समीक्षा ) अब पाठकगण महाशय विचार रखना कि
यहां पर श्रीमद् भगवंतजी के स्वप्न का वृत्तांत है और वह
उनको सावद्य कर्म लिखते हैं वह उन्हों का लिखना बिलकुल
असमंजस है भगवंतजी के स्वप्न परम मंगलिक मोक्षफलदायी
लिखा है अब हम श्री भगवंतजी के १० स्वप्न का प्रभाव जैसा
कि श्री सिद्धांत शास्त्रों में लिखा है वैसा पूर्ण स्वरूप से

अगाड़ी चलके लिखेंगे. यहां तो संक्षेप मात्र लिखते हैं सो सूत्र-पाठ ( जणं समणे भगवं महावीरे एगं मह घोर रूवं दित्त धरं ताल पिसायं सुविणे पराजियं पासित्ताणं पडिबुद्धे तणं समणे भगवया महावीरेणं मोहणीज्झे कम्ममूलउ घातिउ ) इसका संक्षेपार्थ ॥ जदि श्रमण भगवंत श्री महावीर देव एक मोटो भयंकर रूप तेजवंत एहवो ताड सदृश पिशाच स्वप्न में जीता देख के जागे तिसके प्रभावे श्रमण भगवंत श्री महावीर देव मोहनीय कर्म को मूल थकी घात कीधो १ अब ७ में स्वप्न में श्री भगवंतजी समुद्र तिरा देखा है तद्यथा ( एगं चणं महासागर उम्मीवीइ सहस्सकलियं भूयाहिं तिणिं सुविणे पासित्ताणं पडिबुद्धे ७ जणं समणे भगवं महावीरं एगं महं सागरं जाव पडिबुद्धे–तेणं समणे भगवं महावीरे अणादिये अणवदग्ग जाव संसार कंतारेतिणे ) ७ इसका संक्षेपार्थ । एक मोटो सागर ते समुद्र कैसा है वह मोटा कल्लोल तथा छोटी लहिर तिनके सहस्र सहित ऐसा समुद्र भुजा से तिरयो ऐसा स्वप्न देखके जोग जइ यदि श्रमण भगवंत महावीरे एक बड़ो समुद्र स्वभुजा करके तिरयो स्वप्न में देखके जागे तिसके प्रभावे तेह श्रमण भगवंत महावीर अनादि अनंत यावत् संसाररूपणी अटवी का पार पाया अर्थात् भव समुद्र को तिरे इत्यादि ) अब विचारो कि श्रीभगवंत के स्वप्न को सावद्य कर्म कैसे कहा जावे, कारण कि सावद्य कर्म का फल पाडुवा पानि माठा लगता है. साक्षी सूत्रजी श्रीउव्वाईजी की ॥ सूत्र पाठ ॥ (दुच्चिना कम्मा दुच्चिना फला भवंति ) इति संक्षेपार्थ. खोटे कर्तव्यों का खोटा फल होना है अब ज्यों श्रीभगवंतजी का

है तिसमें चित्त समाधि का दश स्थान कहा है तिसका आदि सूत्र ऐसे हैं तद्यथा सूत्र पाठ ॥ ( सुसमाहियचित्ताणं झियायमाणाणं इमाइं दसचित्त समाहिठाणाइं असमुप्पण्ण पुव्वाइं समुप्पज्जेज्जा तंजहा ) इसका संक्षेपार्थ ऐसा है कि भली समाधि के विषे प्राप्त धर्मध्यान शुक्लध्यान ध्यावताने एहवाने एह आगली कहिस्ये ते दशचित्त समाधिना स्थानक पूर्वे कदेही ऊपना नहीं ते उपजे ते कहे छे. अब देखिये समाधिनाम निःकषाय शांति परिणाम का है अब निःकषाय शांतिपरिणाम को तेरे पंथी सिवाय कौन सावद्य कर्म कहते होंगे? अब उक्त श्रीदशाश्रुतस्कंधजी के ५ अध्ययन में दशचित्त समाधि होने का १० स्थानों में तीसरा स्थान स्वप्न का है सो सूत्र पाठ ऐसा है।

( सुमिण दंसणं वास असमुप्पण्ण पुव्वे समुप्पज्जेज्जा अहातच्चं सुमिणं पासित्तए ) इसका टबार्थ जैसा है तैसा यहां पर लिखते हैं। स्वप्न दर्शन जिम भगवती में कह्योतिम यथा तथ्य अमवत् प्रकारे पूर्वे ऊपनो नहीं ते उपजे महावीर देवनी परे यथातथ्य स्वप्न देखे जेहवो देखे तेहवो फले पुनः ( अहातच्चं सुमिणं खिप्पं पासिनिसंवुडे सव्वंवाओहंतरंति दुक्खाओ विमुच्चइ २ ) इसका टबार्थ अक्षर जैसा है तैसा यहां पर लिखते हैं. यथातथ्य जे स्वप्न सांचो तुरत देखे संवर द्वार नो धणी सर्व संसाररूप समुद्रथकी दुख थकी मुकाय इति। देखिये श्रीभगवंतजी श्रीसूत्र में यथातथ्य स्वप्न की ऐसी प्रशंसा करी है जिसको सावद्य कर्म कैसे कहा जा सकता है यहां पर भाव लाग कदाग्रह पर श्री चित्त समाधि के यथातथ्य स्वप्न

चेव इति) इसका अर्थ संवृत हे भगवन् रुन्ध्याजिणे आश्रव द्वार ते सर्ववृत्ति इत्यर्थः ते स्वप्न मत्ये देखे जिणे आश्रवद्वार रुंध्या नहीं ते असंवृत अविरति इत्यर्थः ते स्वप्न देखे अथवा संवृन्या संवृत्य ते देशवृति स्वप्न देखे इति प्रश्नः। अथोत्तरम् । हे गौतम संवृत ते पिण स्वप्न देखे असंवृत स्वप्न देखे संवृत्या संवृत पिणे स्वप्न देखे जे संवृत स्वप्न देखे ते सत्य स्वप्नहीज देखे विशेषार्थ यहां पर ऐसा जानना कि विशिष्टतर संवृतत्वयुक्त ग्रहवोते प्राय क्षीणमल थकीवा देव अनुग्रह पणां थकी सत्यहीज स्वप्न देखे असंवृत स्वप्न देखे ते तिमहीज एतलेऽयथार्थ ते स्वप्न पिण हुए अथवा अन्यथा पिण ते स्वप्न हुवे संवृता संवृत देखे ते पिणतिमहीज यथार्थ अयथार्थ उभय हुवे यह ऊपर लिखी श्रीसूत्र साक्षी से क्या सिद्ध हुवा कि श्रीभगवंत परम संवृत क्षीण मलयका यथातथ्य स्वप्न देखा है तिन यथातथ्य स्वप्न को श्रीदशा श्रुतस्कंध में श्रीमुख से सराया है और उदाहरण दीना कि कैसा स्वप्न यथातथ्य कि जैसा श्री महावीरे देखा तैसा ऐसे श्रीसिद्धांत शास्त्र श्रीभगवंतजी के स्वप्न को परम मंगलिक मोक्षफल पद सिद्ध कर दिखाते हैं अब जो आप लोग नहीं मानोगे तो हम आप लोगों के मोहनी कर्म का उदय विशेष समझेंगे ॥ इति श्रीभगवंतजी के स्वप्न को विशेष ही सावद्य कर्म कथन तस्य निराकरणम् ॥ पृष्ट ४ या की पंक्ति ३ जी से ५ मी तक की।

समीक्षा-इसमें आपने लिखा है कि (ख) श्री भगवंत महावीर स्वामी ने गोशाला को दीक्षा दी यह आपका गोलमाल लेख है. श्री भगवंतजी ने गोशालाजी को दीक्षा दी ऐसा

विधि सूत्र तो भगवतीजी में नहीं है सिर्फ इतना अधिकार है कि तीन वेर गोशालाजी श्री भगवंतजी की वंदना नमस्कार करके कहा है भगवन् आप मेरा धर्मगुरु धर्माचार्य हो, मैं आप का धर्म का शिष्य हूं तिसका उक्त वचनों को प्रभु ने आदर न दीनों, मन में भलो न जाण्यों, मौन करि रह्या, अने फिर गोशालाजी ने श्री भगवंतजी पुनः चौथी वेर ऐसे कहा। ते सूत्रपाठ ॥ ( तुब्भेणं भंते मम धम्मायरिया अहण्णं तुब्भे धम्मं तेवासी ) सुगमार्थः। तिसपर भगवंतजी क्या कहते भये ते सूत्रपाठ ॥ ( ततेणं अहं गोयमा गोशालस्स मंखलिपुत्तस्स एय मट पडि सुणेमि ) इसका संक्षेपार्थ ऐसा है। कि विचारे हुं हे गौतम। गोशाल मंखलिपुत्र नो ए अर्थ प्रति अंगीकार करूं अर्थात् अंगीकार कीनों. श्री भगवतीजी मूल में तो इतना ही वृत्तान्त है और टीकाकार ने जो उस स्थान पर अर्थ फैलाया है जिसका भावार्थ ऐसा कहा है कि शायद कोई बहुल कर्मी जीव श्री भगवंतजी की भूल जाने तिसवास्ते अक्षीण रागादि जीव अवश्य भावी भावात् कारण दर्शाया है सो इता दर्शाया है परन्तु चूका कहणा सो अज्ञता आल जानना अथवा कहोगे कि छद्मस्थ तीर्थंकर उपदेश देकर शिष्य वर्ग को दीक्षा देवे ते भगवंत गोशालजी को अंगीकार कीना यह भी आप का कहना निराधार है कारण की तीर्थंकर भगवंतजी कल्पा- तीत आचार विहारी हैं उन्हों की दीर्घ दृष्टि होती है वह निष्प्रयोजन व विरुद्ध व अथवा अन्य कदापि व कोई कार्य नहीं करे और ऐसा कोई नियम भी नहीं है कि तीर्थंकरजी के इतना शिष्य अवश्य होना व अथवा इतने पुरुषों को साधु

लेकर निकले. जेकर ऐसा होवे तो इस चौवीसी में विलक्षणता कैसे रही, जैसे कि श्री ऋषभदेवजी चार हजार पुरुषों को प्रथम आप दीक्षा लेके दीक्षा दी और श्रीवासु पूज्यजी ६०० पुरुषों को आप दीक्षा लेके दीक्षा दी, श्री पार्श्व प्रभुजी ३०० को स्वयं दीक्षा लेके दीक्षा दी तथा श्री अजीतनाथादि श्री नेमनाथजी ने एक सहस्र पुरुषों को स्वयं दीक्षा लेके दीक्षा दी है और श्री वर्द्धमान स्वामी आप इकेलाहीज दीक्षा लीनी है तैसेही श्रमण साधुओं की सम्प्रदायक में वश हैं सो श्री सिद्धान्तों से जानना, तो कहिये गोशालाजी को अङ्गीकार करने मात्र से कैसे चूका कहा जाय, जेकर कहोगे कि प्रभु अयोग्य को अङ्गीकार कीनो जिससे चूका यह भी आपका कहना विचारशून्य है क्योंकि जिस वक्त गोशालाजी को प्रभु जी ने अंगीकार कीनो; तिस वक्त गोशालाजी को अयोग्य कहां लिखा है बल्कि उसवक्त तो गोशालाजी भगवंतजी को वंदना नमस्कार विनय करके शिष्य होने की अर्ज करी है और यह विनय सर्व गुणों का भाजन है सो तो योग्य जीव का होवे जिससे गोशालाजी उसवक्त अयोग्य नहीं था. पुनः फार भी आगमीय काल का दोष के अनजानने से गोशाला जी को भगवंतजी ने ग्रहण करा मानते हो तो उसवक्त यानि वर्तमान में निर्दोषपना स्वतः सिद्ध होता है, जेकर कहोगे पश्चात् अपवित्र अविनित होगया और मिथ्यात्व पड़गया जिसमें चूका कहते हैं तब तो श्री ऋषभदेवजी स्वामी चार हजार पुरुषों को दीक्षा दी है और वह क्षुधावेदनिका परिषह असमर्थ हुए सबका सब भाग गये और तथा महानदी के

दक्षिणोत्तर कूलों पर कंद मूल फल शाकाहारी तापस हुए ३६३ पाखंड मत उन्हीं से चला और अद्यावधि प्रवृत्त है यह कितना मिथ्यात्व बढ़ा, जब श्री ऋषभदेवजी को भी चूका कहना पड़ेगा सो तो आप कहते हो नहीं. सिर्फ श्री महावीरजी को चूके कहते हो सो आपका मत पक्ष के लिये तथा श्री दया भगवतीजी से द्वेष करना सिद्ध होता है और श्री वर्द्धमान स्वामी श्रीजमालीजी को केवल ज्ञान उत्पन्न होने के बाद दीक्षा दीनी है सो प्रसिद्ध है और वह भी पश्चात् अविनीत श्रद्धाभ्रष्ट होकर घणा मिथ्यात्व बढ़ाया है तब भी चूका कहना पड़ेगा फिर नंदन मणिहार को केवल थकां श्री भगवान ने श्रावकपन दिया है वह भी भ्रष्ट होगया प्रसिद्ध है तब यहां भी चूका कहना पड़ेगा. छद्मस्थपन में तो अनागत काल का दोष का अनजान पने से चूका कहते हो तिन मे ही बढ़के केवलीपन में जानकर दोष लगाकर चूका कहना पड़ेगा सो ज्ञानदृष्टि करके देखनाजी और पृष्ठ ४ की पंक्ति ६ से ९ वीं तक की.

समीक्षा-( ग ) श्री भगवंत महावीर स्वामी ने गोशाला को तिलका लोड़ ( पोधा ) बताया और उसने भगवान् के वचन को असत्य करने के लिये उखेड़ डाला यह आपका लिखना श्री सूत्रजी से विरुद्ध है क्योंकि श्री गोशालाजी को श्री भगवंतजी ने तिलका लोड नहीं बतलाया है उसने स्वतः देखा है. देखके श्री भगवंतजी से पूछा की है और पृष्ठ ९८ का उत्तर दीना है फिर आपका अभिप्राय ऐसा है कि साधु के निमित्त भावना नहीं और प्रभुजी ने भाव्य जिसका यह

धान प्रथम तो मुख्य साष्टांग निमित्त मांहिला निमित्त यह नहीं है पुनः आपही के लेख से समझलो. सो ऐसा है, कि आनंदजी को जितना अवधि ज्ञान उत्पन्न हुवा था उतना के वास्ते श्री गौतम गणधरजी ने इनकार किया और कहा कि तुझको संथारा में झूठ लगता है सो आलोयणा ले, तब आनंदजी ने कहा कि हे स्वामी आलोएणा सच्चा लेता है या झूंठा? तब गौतम स्वामी ने कहा कि झूंठा लेवे. अब कहो कि भगवंतजी ने उक्त तिलका छोड़के बारे में जो कुछ कहा है सच्चा कहा है कि झूंठा. यहां पर आपको यह ही कहना पड़ेगा कि कहा तो सच्चा ही है परन्तु भगवंतजी के बचनों से हिंसा हुई सो भगवंतजी को परचात् कर्म दोष लगा ( तिसका समाधान ) सूत्रों में स्वयं कृतकर्म होते हैं ऐसा लिखा है, परन्तु परकृत कर्म नहीं लगे तो कहो हिंसा के कामी भगवंत होते, तब तो उक्त गोशाला कृत हिंसा के कर्म प्रभु को लगते, परन्तु भगवंत उक्त हिंसा के कामी नहीं थे जैसा भाव ज्ञान में देखा तैसा भाखा जिनसे किंचित् मात्र भी भगवंत को हिंसा का पाप नहीं लगा है।

दृष्टांत-जैसे साधु विहार करते किसी से मार्ग पूछा और उन्होंने अपना से दौड़के वा उगाड़े मुख मार्ग बतावे तिसमें साधु को किंचिन्मात्र पाप नहीं लगे, कारण साधु मार्ग पूछने का कामी है, परन्तु पूर्वोक्त हिंसा के कामी नहीं, तिनसे तैसे ही भगवंत के लिये समझाना और पृष्ट ४ की पंक्ति १० मी से १२ मी तक की।

समीक्षा-श्रीभगवान ने तेजुलेश्या प्रकट करके गोशाल

को बचाया इसका समाधान प्रथम तो तेजुशीतल लेश्या लिखा सो सूत्र विरुद्ध लेख है और लिखने वाले की बड़ी जालसाजी विदित होती है, कारण कि श्रीभगवतीजी में तो निम्न लिखे मुजब फरमाया है सो सूत्र पाठ ॥ ( तएणं अहं गोयमा गोशालस्स मंखलीपुत्तस्स अणुकंपणठयाऐवासिया-यणस्स बाल तवस्सिस्स सा उसिणतेउ लेस्सा ते पडिसा हरण न्याए एत्यणं अंतरा अहं सीय लियंते एलेस्सं निस्सिरा मिजाए इति )।

सुगमार्थः–इसमें ऐसा कहा कि वाल तपस्वी वैश्यायन की उष्ण तेजु लेश्या की उष्णता रोकने के लिये भगवंतजी ने शीतल लेश्या मेली और आपने अल्पज्ञों को बहकाने को शीतल लेश्या को तेजुका भेद जताने के लिये तेजु शीतल लेश्या लिखी सो आपको बुद्धि का विशेष अजीर्ण है यहां पर आपको ऐसा भ्रम है कि ( सीयं लियंते पलेस्सं ) ऐसा अक्षर देख के शीतल तेजु लेश्या जानते हो परन्तु हृदयचक्षु खोल के देखो ( उसिण तेउ लेस्सा ) तेजु लेश्या कही वहां उकार है और शीतल लेश्या कही है वहां यकार है और शीतल लेश्या के पास तेजस्स शब्द प्रकाशार्थेऽथवा तेजुका तेज रोकने के अर्थ है परन्तु तेजु लेश्या का भेद शीतल लेश्या नहीं जानना, कारण तेजु लेश्या लब्धि और शीतल लेश्या लब्धिकों श्री सिद्धांत शास्त्रों में भिन्न २ कथन करी है जेकर ऐसे होवे तो जैसे वैश्यायन बाल तपस्वी ने तेजु लेश्या प्रगट करती वक्त ( तेया समुग्घायेणं समोहणंति२ त्ता ) ऐसा पाठ है तैसे भगवंतजी ने शीतल लेश्या प्रकट करनी

यत्र उक्त पाठ होता तो आपका कहना शायद मिलता अन्य था नहीं और लेश्या फोरने में जघन्य तीन क्रिया और उत्कृष्ट पांच क्रिया कही हैं. पन्नवणा सूत्र क ३६ में पद में जिसका समाधान आपने अपनी जान में अनजान भोलेभाले को भिसतारने के लिये प्रपंच वाक्जाल रचना लिखने में बड़ी बुद्धि की लड़ाई है, लेकिन जरा सोचो कि सूत्रजी श्री पन्नवणाजी में ऐसा कथन किसी जगह नहीं है कि तेजो शीतल लेश्या फोड़े उसको ३ तथा ५ क्रिया आवे, यानि लग तक सूत्रजी के ३६ में पद में तेजस समुद्घात वाले के लिये तीन पांच क्रिया कही है. मान लिया जावे, कि क्रिया लगने मात्र से भी चूका नहीं कहसके हैं क्योंकि क्रिया तो केवली को भी लगे हैं अब फिर कहो कि श्री सूत्रजी में लेश्या फोरने में क्रिया लिखी है कि लब्धि फोरने में क्रिया लिखी है शायद कहोगे कि लेश्या लब्धि एकही है तो आपकी बड़ी भूल समझेंगे, फिर आप लब्धि फोरने में क्रिया कही कहते हो तो भी देवानुप्रियाजी अनिक विषयों की मर्द लब्धि फोरने में क्रिया नहीं लगती है श्री सूत्रजी में तो माया करनाई कर्ग वैक्रीय लब्धि फोड़े जिसको क्रिया कही है जिसको ही प्रायश्चित लेने से आराधिक कहा है [illegible] ही [illegible]लब्धि का [illegible] मानना, लेकिन शीतल लेश्या श्रीवद्दया निमित्त फोड़े जिसका प्रायश्चित किस अग उपांगादि में कहा जाएगा. नहीं मा कहा [illegible] आपका बतलाना था. यहां पर आप [illegible] प्रायश्चित कहा है [illegible] [illegible] नहीं है

तिन में वैक्रीय लब्दि फोरवे तिसका संबंध हम ऊपर लिख आये हैं और तेजुलेश्या करके अनेक जीवने वाले क्रोधकरी यह प्रत्यक्ष प्रायश्चित्त नो ठाम दीखे है और शास्त्र में कहा ही है लेकिन २८ लब्दि में से केवल ज्ञान की लब्दि, तीर्थंकर की लब्दि, गणधर पदवी की लब्दि, चारित्र लब्दि, अवधि मन पर्यव ज्ञान की लब्दि, १४ पूर्व धरनी लब्दि, इत्यादि लब्दि को प्रायश्चित्त आवे तो शीतल लेश्या जीवदया के ताईं फोरे तिनको प्रायश्चित्त होवे पूर्वोक्त लब्दियां को प्रायश्चित्त नहीं तैसे शीतल लेश्या को प्रायश्चित्त नहीं है पुनः उक्त पृष्ट की पंक्ति १४ मी से २५ मी तक की।

समीक्षा–और इस में आपने लिखा है जिसका तात्पर्य यह है कि छद्मस्थपन में तो भगवान ने यह तीनों कार्य किये और केवल ज्ञान उत्पन्न होने पर श्री भगवान ने इन्हीं कार्यों का अपने श्रीमुख से निषेध किया है तो कहिये कि श्री भगवान के केवली दशा के वचन को सत्य मानें की छद्मस्थपन के इत्यादि। सुनो भाई! श्री भगवंतजी की करणी छद्मस्थपने और केवलपने दोनों अवस्था में एक सरीसी अभूल करनी है, कारण कि छद्मस्थपने ही आगम व्यवहारी हैं और आगम व्यवहारी पणे तो कषायकुशीलादि ऊपरला ३ नियंठा में पावे तेहने अपड़िसेवी कह्या है मूल गुण महाव्रत ५ में उत्तर गुण दश विध प्रत्याख्यान में दोष लगावे नहीं। साक्षी श्री सूत्र भगवतीजी शतक २५ मे उद्देशे ६ में और केवली दशा मे पिन आगम व्यवहारी है सूत्र में कह्या तेमा कार्य छद्मस्थपन ही आगम व्यवहारी पना मे किया और केवलपने मे पिण आगम

व्यवहारी पने से किया छद्मस्थ और केवलपने में एकसी कृति थी भगवंतजी ने की है तो यहां पर ऐसा समझो कि श्री सूत्रों में सामान्य साधु जो सूत्र व्यवहारी स्थिवर कल्पि को वर्जित किया है परन्तु अपने लिये निषेध नहीं किया ऐसा जानना चाहिये जो अपने लिये पूर्वोक्त कार्य निषेध किया होता तो केवल ज्ञान उत्पन्न होने के बाद निम्नलिखित कार्य कैसे करते जैसे कि कालीकुमार प्रमुख १० के मरने बतलाये १ श्री नेम नाथजी स्वामी ने द्वारिका का १२ वर्ष दाह बताया २ गो-शालाजी को ७ दिन पश्चात् मरण बतलाया और महाशत कजी श्रमणोपासक ने रेवती का मरण बताया तब श्री गौतम स्वामी को भेजकर प्रायश्चित्त दिलवाया और आप सुखे बत-लाया केवल ज्ञान उत्पन्न होने के बाद श्री गौतम गणधरजी को गोशालाजी के मर्मच्छेदनरूप उनका अर्थात् गोशालाजी का इतिहास वर्णन किया. अन्य सामान्य साधु को मर्मच्छेदन करनी तथा हिंसा करनी और माषा बोलनी मना की है ४ और गोशालाजी की हेलने निंदने की आज्ञा दी ५ और छद्मस्थपन में आप अनार्य क्षेत्र में विचरण किया परन्तु अन्य सामान्य साधुओं को वर्जित किया यह पूर्वोक्त बोल भगवंत पने आगम व्यवहारी पने से किया है और अन्य सामान्य साधुओं को वर्जित किया है अब आपका यह कहना एकांत सत्य कैसे माना जाय फिर आप पूर्वोक्त सर्व बोलों में तो भगवंतजी को पूज्य नहीं करते हो सिर्फ गोशालाजी को अनु कंपा मानकर बचाया इसीसे चूका बतलाते हो. उसका कारण क्या है अगर कहोगे कि हम तो ऊपर लिखे सर्व बोलों में

चूका कहते हैं तो कहो सूत्रजी में वर्णित किए हुए काम प्रभु ने छद्मस्थ पने में कैसे किये हैं वैसे ही केवली दशा में भी किया है जब छद्मस्थ अवस्था में चूका मानोगे तो केवली दशा में भी चूका मानना पड़ेगा लेकिन यह बन नहीं सकता है. आपको यह भी स्पष्ट लिखना चाहिये था कि भगवंत इतनी वार चूके. फिर भी आपने लिखा है कि छद्मस्थपन में गोशाला को तेजु शीतल लेश्या फोरकर तेजु लेश्या से बचाया है और केवल ज्ञान होजाने पर अपने सामने गोशाला ने तेजु लेश्या से दो साधुओं को भस्म किया, उस समय उनको नहीं बचाया जिसका समाधान. इन साधुओं पर भी प्रभुजी की अनंत भाव दया थी, परंतु उनका निमित्त कारण आ मिला. यदि लेश्या लब्धि फोरे दोष जानके न बचाया कहोगे तो जो जीवितव्य होता तो विहार क्यों न करा दिया! क्या विहार करने में भी प्रभुजी पाप जानते थे? देवानुप्रिया वास्ते तिन मुनियों का आयु अवसान का निमित्त अवसर बलिष्ट देखा इसमें भगवंतजी क्या करें सिर्फ व्यवहार करने को भगवंतजी ने वर्जित कराया था. लेकिन आयुष्य अवसान का समय था सो उसे कौन टाले! क्रोड़ों तीर्थंकर इकट्ठे होकर भी किसी की आयु बढाने को समर्थ नहीं हो सकते. यहां पर एकांत ऐसा नहीं समझना कि आयु घटे बढ़े नहीं तो फिर हर एक जीव को बचाने का यत्न क्यों करना चाहिये! इसका विचार छद्मस्थों को तो व्यवहार ही ऐसा बतना और केवली जिस का जीवितव्य देखें तो प्रयत्न करें, निरर्थक उद्यम न करें. ऐसे ही भगवन्त के विषय में जानना. टीकाकार ने

अर्थात्‌सराग गोशालाजी को बचाया लिखा है और दो मुनियों को बचाने का प्रयत्न न किया सो चीण रागात् ऐसा लिखा है. उसका तात्पर्य ऐसा है कि सराग संयमी छद्मस्थ का जीव चाहे न जीवे पर बचाने का उद्यम अवश्य करना इसी कारण भगवंतजी ने किया है और वीतराग भाव से आयुष्य अवसान आया जान लिया और होनहार टलता न जाना इससे उक्त मुनियों के बचाने का भगवंत ने प्रयत्न न किया. यह भावार्थ आगमव्यवहारी न करने लायक काम कभी न करे. यह हमने श्रीभगवंतजी को चूका कहने का मृषा सूत्रपाठ जो तुमने बतलाये हैं उनका निराकरण किया, इसके आगे श्रीभगवंतजी ने दीक्षित होने के पश्चात् किंचित् भी पाप सेवन न किया और न कहीं चूके सो सूत्रपाठ से दिखलावेंगे। पृष्ठ ४ की पंक्ति २६ मी से पृष्ठ ५ वां की पंक्ति २० वी तक का।

समीक्षा–इसमें आपने लिखा है कि श्री सुधर्म स्वामीजी ने श्रीभगवंतजी के गुण किये हैं और गुण कथन के प्रकरण में गुण कथन हो सकते हैं उस पर उदाहरण कोणीक का अल्पज्ञों को बहकाने के लिये दिया है वह असमीचीन है कारण यह कि कोणिक के जीव ने श्रेणिक से वैर लेने के लिये ही श्रेणिक के पुत्र करके उत्पन्न हुवा, इसलिये कोणिक निदान कृत था, वैर लेने के पश्चात् निदान पूर्ण हुआ तत्पश्चात् विनीत पणे का गुण प्रकटा, तब गणधरों ने श्रीतीर्थंकर देवजी के कथनानुसार गुण कथन किये हैं परंतु अपने मन से नहीं कहा है. फिर जैसे अधर्मी तो धर्मी हो जावे, अज्ञानी

ज्ञानी होजावे, निर्धन धनी होजावे, ऐसे ही अविनित से विनित होजावे, इसलिये जिस समय जैसा गुण वर्तेगा वैसा ही कहा जायगा, इस कारण गुण प्रकरण में गुण किये ऐसा यहां पर नहीं बन सकता है ऐसा तो तब होता जब कि कोणिक का अविनितपना कथन इन ही सुधर्म स्वामिकृत सूत्रों में अन्य जगह है ऐसे ही श्रीभगवंतजी के चूकने का कथन किसी सूत्र में होता तो यह उदाहरण ठीक समझा जाता अन्यथा जैसे डूबता हुआ फेन पकड़े तद्वत् आपकी लीला है अब हम आचारांगजी के प्रथम श्रुतस्कंधजी के नवमाध्ययन के चतुर्थ उद्देशे में जैसा कहा है तैसा यहां पर सूत्र पाठ लिखते हैं वह ध्यान देकर श्रवण करो ( णच्चाण से महावीरे णोविये पावगं सयंमकासी, अणं हंवाण कारित्था करंतं पिणाणु जाणित्ता ८ ) इसका संक्षेपार्थ यह है कि हे उपादेय स्वरूप जाणीने ते महावीर देवजी निश्चय पापकर्म पोते कीनो नहीं अर्थात् न पाप किया न पाप कराया और न पाप करने की अनुमोदना की ऐसे तीन कारणों से प्रभुजी ने पाप नहीं किया. प्रत्यक्ष सिद्धांतों में है ते छते आपने ऐसा लिखा है कि श्रीसुधर्मा स्वामीजी ने भगवंत का गुण किया है सो ठीक नहीं, अब आप कहो कि श्री सुधर्म स्वामीजी ने श्री भगवतंजी के गुण अपने मन से किये हैं या श्रीभगवंतजी के कथनानुसार किये हैं यदि कहोगे कि स्वयं कल्पित अर्थात् अपने मन से गुण किये हैं तो जो सूत्र विद्यमान हैं वह सब श्रीसुधर्मस्वामी की वाचना के हैं अर्थात् सुधर्म स्वामी कृत हैं आपभी ऐसा ही मानते हो तो क्या यह सब स्वयं कल्पित सिद्ध हुए और जिस वक्त द्वादशांग

की रचना की थी उस समय श्री सुधर्मस्वामी भी छद्मस्थ थे और छद्मस्थ को आप चूके मानते हो अर्थात् छद्मस्थों के वाक्यों की प्रतीति कम करते हो यह अब कैसे बनेगा अगर कहोगे कि पूर्वोक्त भगवंतजी के गुण श्री सुधर्मस्वामीजी भगवंतजी के कथनानुसार कथन किये हैं तो केवल सुधर्म स्वामी का नाम क्यों लेते हो और गुण प्रकरण में गुण किया है ऐसा क्यों कहते हो ?

देवानुप्रिया के वास्ते श्रीमुख से भगवंत ने जैसा २ भाव फरमाया तैसा २ भाव श्री गणधरों ने ग्रंथन किया है. जैसे कि ( सुयंमे आउसंतेणं भगवया एव मरकाय ) इति वचनात् पुनः ( अत्थं भासई अरहासुत्तं गुथेइ गणहरा निउणा ) इत्यादि पुनः ( अत्तागमे अणंतरागमे परंपरागमे ) इति ऊपर लिखे इस लेख का तात्पर्य यह है कि श्री भगवंतजी ने छद्मस्थपणे सूत्र में वर्ज्या सो कार्य आगमां व्यवहार से किया और केवल ज्ञान होने के पश्चात् सूत्रजी की वाणी प्रकाश की उसमें श्रीमुख से कहा कि मैंने छद्मस्थपने में पाप नहीं किया अब आपके कथन से छद्मस्थपने में पाप लगा अर्थात् पाप सेवन किया और केवल दशा में कपट सहित झूंठ सेवन किया और फिर उन्हीं के प्ररूपण किये हुए यह सूत्र हैं सो क्यों न झूंठ होवें ! अब आपको प्रतीति किसकी रही अर्थात् किसी की नहीं प्राप्त तो नास्तिक भाव में आ पड़े. यहां पर आप कहते हो कि भगवंतजी ने जान कर पाप नहीं किया, अनजाने पाप लगा, यह भी कहना भ्रष्ट है, क्योंकि प्रभु ने स्वयं श्रीमुख से कहा कि हे गोशाला मैं नहीं अनुकंपा के वास्ते शीतल लेश्या

होवे पृष्ठ ५ वें की पंक्ति २१ वीं से पृष्ठ ६ वें की पंक्ति ३ री तक की समीक्षा ।

इस लेख में सिर्फ हमारा इतना लिखना है कि तीर्थंकर देवजी की अवस्था प्रकट लिख के पश्चात् लिखते कि अमुक अवस्था में अमुक दशा तीर्थंकरजी की आगमानुसार धरते तब मालुम पड़ता कि आगम के जानवान जानने वाले अविवेकी कौन हैं पुनः हम सर्व सज्जनों से निवेदन करते हैं कि यह प्रथम प्रश्नोत्तर की समालोचना सूत्र की साक्षी देकर हम ऊपर लिख आये हैं इस से आम लोग यो न जान लेना कि २२ टोला के प्रश्न पर तेरापंथियों ने दे दिया कारण यह कि अगर वह संतोषकारक उत्तर दे देते तो हमें कष्ट न उठाना पड़ता ( अपनी तर्फ के प्रश्नाक्षरमिदम् अर्थात् यह प्रश्न तेरापंथियों से पूछा गया था कि श्री महावीर भगवंत की दीक्षा लेने से अनंतर छद्मस्थपन में चूके बतलाते हो सो पाठ दिखलावो) अब कहिये कहीं चूके ऐसा पाठ होवे तो दिखलावें परंतु बतावे कहां से ? लेकिन उत्तर में तो कुछ न कुछ लिखना ही चाहिये तब अंडबंड ऊटपटांग सूत्रों से विरुद्ध असम्बद्ध लेख लिख दिया. हमने उसकी भी समीक्षा करदी है बाकी प्रश्न तो जोधपुर कृत श्रावकों का है ऐसा सर्वत्र जानना । इति प्रथम् इति प्रथम प्रश्नोत्तरस्य समीक्षा ॥

# अथाग्रे द्वितीय प्रश्नोत्तरस्य समीक्षा लिख्यते.

पृष्ट ६ पंक्ति छठी से १२ मी तक की समीक्षा—इसमें आप ने लिखा है कि असंयति अव्रति को सूजता असूजता सचित अचित असनपान (खानपान) देवे, दिलावे, देते हुए का अनुमोदन करे, तो (एगंत सोसपाव कम्म कज्जतिणत्थि सकावी निजरा कज्जती) एकांत पाप कर्म होवे. किंचित् निर्जरा नहीं. यह पाठ भगवती सूत्र के आठवें शतक के ६ वें उद्देशे में है. आपका यह लिखना सूत्र लोपने गोपने रूप गोलमाल है और आप लोगों की यह बड़ी दुर्घट घटना है कि अपने कथन को सत्य दिखलाने के लिये पूर्णरूप से सूत्रपाठ को गोप के अपने कथन को पुष्टकारक जितने हर्फ जानो उतने धर के कहते हो कि देखिये अमुक सूत्रजी में श्रीभगवंतजी ने ऐसा कहा है बस तुम इसी रचना से अन्यज्ञों को बहकाते जाते हो तैसेही यहां पर लीला समझो. कारण कि श्रीमती भगवतीजी सूत्र के आठवें शतक के छठवें उद्देशे में तीनों पाठ मोक्ष के अर्थ दान देने के लिये पूछा है सो तीन पाठ लिखते हैं ॥ सूत्रपाठ ॥ (समणोवासगस्सणं भंते तहारुवाणं समणं वा माहणं वा फासु एसणिज्जेणं असणं पाणं खाइमं साइमं पडिलाभे माणस्स किंकज्जइ। गो० एगंतसो से निज्जरा कज्जइ णत्थिय से पावे कम्मे कज्जइ) समणोवासगस्सणं भंते तहारूवं वा समणं वा माहणं वा अफासुएणं अणेसणिज्जेणं असणं जाव पडिलाभेमाणस्स किंकज्जइ. गो० बहुतरिया से निज्जरा कज्जइ अप्पतराएसे पावे कम्मे कज्जइ) [illegible]

स्सणं भंते तहारूवं असंजय अविरय अपडिहय अपचक्खाय पावकम्मे फासुएणंवा अफासुएणंवा एसणिज्जेणं वा अणे सणिज्जेणंवा असणं जाव पडिलाभे माणस्स किंकज्जइ. गो० एगंतसोसेपाव कम्मे कज्जइणत्थि सेकाविणीज्जराकज्जइ )

सुगमार्थ–अब देखिये तीनों पाठों में दातारे एक श्रमणो पासक श्रावक को कहा है और प्रतिग्राही दो पाठ में तो तथा रूप समण नाम साधु माहण नाम यहां पर ४२ दूषण टाल आहार के भोजी प्रतिमा प्रतिपन्न यानि प्रतिमाधारी उत्कृष्ट तपस्वी श्रावक को ग्रहण करना. यहां पर आप कहोंगे कि माहण शब्द श्रावक को कहां कहा है? तिस का समाधान सुनों मित्र सूत्रजी श्रीभगवतीजी के शतक पहिला उद्देश सातवां में गर्भ जीव के अधिकार में सूत्रपाठ ऐसा है ( तहारूवं समण-स्सवा माहणस्सवा ) यहां पर भी माहण शब्द श्रावक शब्द को कहा है और श्रीठाणांगजी तथा अनेक सूत्रों में माहण नाम श्रावक को कहा है तैसे ही यहां पर जानना. तथा तीजा पाठ में प्रतिग्राही तथा रूप असंजति अविरति अप्रतिहत प्रत्या ख्यान न करा पाप जिसने ऐसा अप्रत्याख्यानी को ग्रहण करना और पिंड प्रथम पाठ में शुद्ध निर्दोष, दूसरे पाठ में अशुद्ध दोष, तीसरे पाठ में शुद्धाशुद्ध निर्दोषा निर्दोष दोनों जानना और मोक्ष अर्थे प्रतिलाभना तीनों पाठों में है. यहां पर फिर आप कहोगे कि माहण शब्दे हम श्रावक ग्रहण नहीं करते हैं तो कहिये पूर्वोक्त दोनों पाठों में तो तथा रूप साधु के लिये पूछा और तृतीय पाठ में तथा रूप असंजति अविरति अप्रत्याख्यानी की पूछा कि, अब कहो उक्त श्रावक को देने

से क्या फल होगा अगर कहोगे कि उक्त श्रावक का दान का निर्णय तृतीय पाठ में जानते हैं तो यह आपका जानना श्री सूत्रजी से विरुद्ध संभवै है कारण कि तृतीय पाठ में तथा रूप असंजति यावत अप्रत्याख्यानी का दानफल का निर्णय है और उक्त श्रावक को श्री सूत्रजी में जगह २ अपचखा संयती व्रतावृती प्रत्याख्याना प्रत्याख्यानी कहा है आप उसे तृतीय पाठ में कैसे घुसेड़ सकते हो और वित्त चित्त अरुपात्र तीनों शुद्ध होने से उत्कृष्ट दान की रसायन पकती है सो प्रथम पाठ में एकांत निर्जरा कही और उक्त वित्त चित्त पात्र में से चित्त शुद्ध भाव लाभना विशेषण से मोक्षार्थे जानना. वित्त अशुद्ध अफासुक अनेषणीक वस्तान बहुत निर्जरा अरु अल्प पाप यहां पर बहुत निर्जरा की अपेक्षा से अल्प पाप की अपेक्षा बहुत निर्जरा समझना सो दूसरा पाठ में कहा और पात्र शुद्ध सो पूर्वोक्त तथा रूप समण माहण जानना. तृतीय पाठ में चित्त भी मिथ्या संकल्प से अशुद्ध वित्त भी शुद्धाशुद्ध अनियम वास्ते अशुद्ध और पात्र अशुद्ध सत्यच तो तथा रूप असंयति अविरति अप्रत्याख्यानी है इसलिये एकांत पाप कहा, यहां पर एकांत पाप से मिथ्यात्व जानना, कारण कि दातार श्रावक है और श्रावकों के १७ पाप देशथकी छूटा है मिथ्यात का पाप देशथकी नहीं छूटता है वह तो सर्व थकी छूटता नहीं तो सर्वथकी लागे किंतु देशथकी नहीं लागे सो तो श्रावक के सूत्र में है। नहीं है वास्ते गुरु की बुद्धि मोक्षार्थे देवे जिनने . एतन सो मे पात्र कल्पे कल्पद । कहा है यहां पर कहोगे कि श्रावक होकर तथा रूप असंयति को

गुरु की बुद्धि कर निर्जरार्थे अर्थात् मोक्षार्थे दान कैसे देसका है तिसका समाधान ऐसा है कि यहां तो पृच्छा की रचना है देने न देने की कथन नहीं है ऐसी पृच्छा की रचना श्री सूत्रजी में जगह २ आती है जैसे कि श्रीदशा श्रुतस्कंधजी में कहा है कि साधु रात्रि को भोजन करे तो सबलो दोष लगे तैसे ही मैथुन सेवे तो तथा दश प्रकार की हरी लीलोतरी खाय तो सबलो दोष लगे अब देखिये साधु होवे सो रात्रि भोजन वा मैथुन कैसे करे सचित दश प्रकार की हरी कैसे खावे परंतु उदय भाव के जोर से यह पूर्वोक्त काम करे तो सबलो दोष लगे ऐसा कहा है तथा श्री आचारांगजी सूत्र में श्री निशीथजी सूत्र में अनेक नकरने लायक कामों को पूंछा है और उसका प्रायश्चित्त कहा है अब देखिये साधु को न करने लायक काम करना कैसे संभवे, परंतु कर्म गति विचित्र है. उदयभाव की प्रबलता से दोष लग जावे है तैसे ही कोई भद्रिक श्रावक तथा रूप असंजति की क्रिया आडंबर देख कर मिथ्यात्व मोहनी कर्म के उदय गुरु की बुद्धे मोक्षार्थे पूर्वोक्त दान देवे तो मिथ्यात्व को पाप लगे यह पूंछा की रचना जानना परंतु यह अनुकंपादान का प्रश्न नहीं है क्योंकि उक्त तीजा पाठ के अर्थ में यह गाथा है ( मोक्खत्थं जंदाणं तं पैएसे विहि समक्खाओ अणुकंपादाणं पुण जिणहिनंकयाइ पडि सिद्धं ) इससे स्पष्ट है कि अनुकंपा अर्थे दान का कहीं भी निषेध नहीं है और आपने तथारूप शब्द को मूल से उड़ा दिया सो क्या जानिये. यहां पर आप कहोगे कि असंयति अविरतीपना ही हम तथा रूप मानते है पाखंड भेष का कारण

नहीं जिसका समाधान देखिये, प्रथम पाठ में साधु रूप ममत्त
धारण को रजोहरण मुहपत्ती अर्थात् मुखवस्त्रिका आदि
स्वलिंगी पणा नो वेष और असंयति अविरति अप्रत्याख्यानी
का गुण सहित को प्रति लाभने से निर्जरा रूप लाभ कहा है
कि स्वलिंगी का वेष बिना संयति विरति प्रत्याख्यानी पना
का गुण सहित को प्रति लाभने से निर्जरा रूप लाभ कहा
है सो कहां. यहां पर स्वलिंगी साधुपना का वेष बिना संयमादि
गुण पावे जिनको प्रति लाभने से निर्जरा और फल कहोगे
तो असंयति अन्य लिंगी का वेष में भावे साधुपन आवे केवल
ज्ञान उपजना कहा है । साक्षी श्री भगवतीजी के शतक ९
वे में । असोच्चा केवली का अधिकार में परंतु यहां ऐसा कहा
है कि वह दीक्षा का उपदेश देवे लेकिन आप चेला न करे
अब मतिक सोचो कहा अन्य वेष का कारण नहीं होवे तो चेला
क्यों न करे सो विचक्षण स्वयं विचार लेवे है तथा श्री
पन्नवणाजी का पहिले पद में अन्यलिंग सिद्ध कहा है तथा गृही
लिंग सिद्ध कहा है अब देखिये अन्यलिंगी गृहलिंगी के
वेष में भावे साधुपना आवे जिससे केवल ज्ञान उपजे सिद्ध
कहा है अब आपके कहा अन्य वेष का कारण नहीं है तो वे
अन्यलिंगी गृहलिंगी के वेष में संयति विरति आदि साधु
पना का गुण [illegible] क्यों नहीं कहते हैं ?
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

पूर्वोक्त ४ चारित्र ६ नियंठा पावे तो हैं परंतु अतिशय ज्ञान विना खबर न पड़े इससे वंदना संभोग करने योग्य नहीं जानकर वंदनादि नहीं करते है तो कहिये केवली तो सर्वज्ञ है यह उक्त अन्यलिंगी गृहीलिंगी में भावे साधुपना का गुण जान कर संभोग करे कि नहीं और अन्य छद्मस्थ साधु वा श्रावकों को वंदना करने की संभोग करने की आहारादिक देने की आज्ञा देवे कि नहीं सो कहो. यहां पर आप को लाचार होकर कहना पड़ेगा कि श्रीकेवलीजी अन्यलिंगी गृहीलिंगी में भावे साधुपना का गुण जाने परंतु संभोग न करे अरु अनेरा छद्मस्थ साधु श्रावकों को उक्त बोलों की आज्ञा न देवे, कारण यह कि स्वलिंगी साधुपना का वेष विना व्यवहार अशुद्ध तिसवास्ते तो सोचो कि श्रीकेवलीजी भी तथा रूप वेष का कारण मानते हैं और आप कहते हो हमारे तथा रूप वेष का कारण नहीं अब हम जिज्ञासुओं को भलावन करते हें यहां पर चउभंगी उत्पन्न होती है सो निपुण बुद्धि से गुरुगम्य पूर्वक जानना और श्री केवलीजी का कथन सब को सर्व प्रकार से मान्य है सो सर्वस्तनः समझते हैं और श्री आवश्यकजी सूत्र में सम्यक्त का ५ अतिचार कहा है वहां पर पाखंडी की प्रशंसा करे तथा संस्तव परिचय करे तो अतिचार लगे, वहां भी तथा रूप वेषधारी समझना केवल असंयमादि गुणों से ही सिर्फ तथा रूप मानोगे तो श्रावक न्याती गोती दासीदास तिर्यंच मंगता भिखारी सेठ गुमास्तादि सर्व प्रायः असंयति अविरति है और तिनका परिचय किया अतिचार लागा चाहिये और

ऐसे अतिचार लगेगा तब श्रावकों का श्रावकपना सम्यक्तपना कैसे रहेगा सो मध्यस्थ बुद्धि से सोचना. फिर श्री निशीथजी सूत्र में कहा है कि जो साधु अन्य तीर्थी गृहस्थी के साथ विहार करे तथा गोचरी जावे तो मासिक प्रायश्चित्त आवे तथा श्री आचारांगादि अनेक सूत्रों में जगह २ अन्य तीर्थी के साथ रहने आलाप संलाप करने वर्जित किये हैं और आप पांच स्थावर, सूक्ष्म, बादर, तीन विकलेन्द्रिय, मरिकमत्सर, चिड़ी, कबेड़ी, प्रमुख, सबको अन्य तीर्थी गिनते हो. साधु श्रावक सिवाय सब अन्य तीर्थी हैं और श्री प्रभुजी ने तो एक ही रात अन्य तीर्थी के साथ रहते हुए को चातुर्मासिक प्रायश्चित्त फरमाया है, तो आपके साधु सर्वदा जान बूझ के जावजीव तक अन्य तीर्थी के साथ रहते हैं तिनमें साधुपना आपके कहने के मुताबिक कैसे रहेगा? यहां पर आप को यही कहना पड़ेगा कि ३६३ पाखंडी अन्य तीर्थी मिथ्यात्व मत का स्वामी तिनकी संगत किया, सम्यक्त में शंका पड़े तिन आश्री कहा है तैसे ही साधु के लिये जानना, परन्तु यहां साधु श्रावक सिवाय सर्व जीव अन्य तीर्थी आश्री नहीं कहा है तो देवानुप्रिया तनिक निष्पक्ष होकर सोचो. श्री भगवतीजी के तीजे पाठ में भी तथा रूप को ३६३ पाखंड वेष धारिक पाखंड प्रवर्तक असंयति अविरति का प्रतिलाभ विशेषण से गुरु की बुद्धि से निर्जरार्थे दान देवे तिसका एकांत पाप सो मिथ्यात्व लगे ऐसा कथन है. परन्तु अभ्यागतादि को अनुकंपा आन के दान देने वालों को पाप नहीं कहा है. यहां पर आप कहोगे कि यह तो तुम्हारी युक्ति है । तो कहिये दूसरा पाठ है न्यारा

समण माहण को अफासुक एषणीक देने अल्प पाप बहुत निर्जरा कही इस पाठ को जैसा बोला है तैसा मानते हो कि कोई युक्ति मानते हो. कारणे अकारणे जानते अजानते इत्यादि जो मानते हो तो तीसरा पाठ की भी युक्ति सची है सो क्यों न मानो यहां पर आप कहोगे कि दूसरा पाठ हम को शंका सहित ज्ञान होना है सो तीसरा निशंक क्यों मानते हो ऐसे सूत्रजी में शंका वेदना अच्छा नहीं है । पृष्ठ छठा की पंक्ति १४ वीं से १८ वीं पंक्ति तक की समीक्षा।

इसमें आपने सूत्रजी श्री निशीथजी के १५ वें उद्देशा के बोल अर्थात् सूत्र ७४ तथा ७५ की साक्षी दी है सो आपका यह कथन असमीचीन है कारण कि पृच्छक का अभिप्राय गृहस्थों के लिये पूछना है जिसपर आपने साधु की मिसाल दी सो अयुक्त है पृष्ठ ६ की पंक्ति १६ वीं से २२ तककी समीक्षा।

यहां पर भी आप अपनी चाल तो सूत्र चले श्री सुयगडांगजी के ११ वें अध्ययन की २० वीं गाथा की साक्षी देकर आधी गाथा का भावार्थ लिखा और आधी को छोड़ दिया. छोड़ने का कारण तो स्पष्ट है लेकिन भावार्थलेख से ही आप की गलती मालूम होती है कि २० वीं लिखी तो आधी का भावार्थ क्यों छोड़ा, यद्यपि छोड़ना ही था तो १६ वीं गाथा लिखनी थी फिर २० वीं गाथा का पूरे २ पद का भावार्थ से लिखा है कि गृहस्थी को दान देवे उसकी प्रशंसा कर न उसे दान को हिंसा लग. अब इचित उस गाथा के मुताबिक म गृहस्थी के शब्द को तक ही नहीं है अब हम

